कर्मचारी चयन आयोग

(गोपनीय-1/2 अनुभाग)

***

आशुलिपिक ग्रेड 'ग' एवं 'घ' परीक्षा, 2022- कौशल परीक्षा में उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थियों को बुलाने के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा के परिणाम की घोषणा

कर्मचारी चयन आयोग ने दिनांक 17.11.2022 और 18.11.2022 को देश भर के विभिन्न केंद्रों में आशुलिपिक ग्रेड 'ग' एवं 'घ' परीक्षा, 2022 के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की थी।

2. कंप्यूटर आधारित परीक्षा कई पालियों में आयोजित की गई थी, इसलिए आयोग द्वारा उसकी वेबसाइट पर दिनांक 07.02.2019 के नोटिस सं: 1-1/2018-नी. एवं यो.-I के माध्यम से प्रकाशित सूत्र के अनुसार अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त किए अंकों को सामान्यीकृत (Normalized) किया गया है। परीक्षा विज्ञप्ति के पैरा 13 (घ) के प्रावधानों के अनुसार, परीक्षा के अगले स्तर (अर्थात कौशल परीक्षा) के लिए अभ्यर्थियों की अर्हता के लिए इन सामान्यीकृत (Normalized) अंकों का प्रयोग किया गया है।

3. परीक्षा विज्ञप्ति के पैरा 17 (क) के अनुसार, कंप्यूटर आधारित परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक इस प्रकार निर्धारित किए गए है:

(i) अनारक्षित: 30%

(ii) अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग: 25%

(iii) अन्य सभी श्रेणियाँ (अजा, अजजा, शा.दि., भू.सै., आदि): 20%

4. कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर, 13100 अभ्यर्थियों ने आशुलिपिक ग्रेड 'ग' के पद के लिए कौशल परीक्षा में बैठने के लिए और 47246 अभ्यर्थियों ने आशुलिपिक के ग्रेड 'घ' पद के लिए कौशल परीक्षा में बैठने के लिए अनंतिम रूप से अर्हता प्राप्त की है। कंप्यूटर आधारित परीक्षा में आयोग द्वारा निर्धारित कट-ऑफ अंक और विभिन्न श्रेणियों के तहत अर्हक अभ्यर्थियों की संख्या निम्नानुसार है:-

सूची-I: आशुलिपिक ग्रेड 'ग' के लिए आशुलिपि कौशल परीक्षा हेतु अर्हक अभ्यर्थी :

श्रेणी	**कट-ऑफ अंक**	**उपलब्ध अभ्यर्थी**
अजा.	114.61486	2535
अ.ज.जा.	105.95174	899
अ.पि.व.	129.05339	3991
आ.क.व.	130.70370	1674
अना.	130.70370	3165*
अ.दि.	87.90371	320
श्र.दि.	40.00000	125
दृ.दि.	63.59872	264
अन्य दि.	40.00000	127
योग		**13100**

Internal to Wipro

टिप्पणी-1: * उपर्युक्त दर्शाए गए अना. अभ्यर्थियों के अतिरिक्त 776-अजा., 99-अ.ज.जा, 3510-अपिव एवं 1674-आ.क.व., 19-अ.दि., 1-श्र.दि.. 14-इ.दि. और 02-अन्य दि. अभ्यर्थियों ने अना. कट-ऑफ पर अर्हता प्राप्त किया है। इन अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दर्शाया गया है।

सूची-II: आशुलिपिक ग्रेड 'घ' के लिए आशुलिपि कौशल परीक्षा हेतु अर्हक अभ्यर्थी :

श्रेणी	**कट-ऑफ अंक**	**उपलब्ध अभ्यर्थी**
अजा.	76.76512	10037
अ.ज.जा.	63.40226	4250
अ.पि.व.	96.40411	16222
आ.क.व.	90.64748	6995
अना.	108.60916	7486*
भू.सै.	40.00000	546
अ.दि.	40.07236	1092
श्र.दि.	40.00000	120
इ.दि.	40.00000	378
अन्य दि.	40.00000	120
योग		**47246**

टिप्पणी-2: * उपर्युक्त दर्शाए गए अना. अभ्यर्थियों के अतिरिक्त 3360-अजा., 745-अ.ज.जा, 10822-अपिव 4479-आ.क.व.,71-भू.सै., 92-अ.दि., 6-श्र.दि.. 62-इ.दि. और 05-अन्य दि. अभ्यर्थियों ने अना. कट-ऑफ पर अर्हता प्राप्त किया है। इन अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दर्शाया गया है।

5. न्यायालय आदेशों के अनुपालन में दो अभ्यर्थियों, जिनकी अनुक्रमांक सं. 2405017902 एवं 2405017903 है, के परिणाम को रोक कर रखा गया है।

6. अर्हक अभ्यर्थियों के लिए कौशल परीक्षा दिनांक 15.02.2023 एवं 16.02.2023 (अनंतिम तौर पर) को आयोजित की जाएगी एवं विस्तृत कार्यक्रम यथा समय संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के वेबसाईट पर उपलब्ध होगा।

7. उत्तर कुंजियों के बारे में अभ्यर्थियों से प्राप्त अभ्यावेदनों की सावधानीपूर्वक जांच की गई है और जहां आवश्यक समझा गया है, अंतिम उत्तर कुंजियों को तैयार करने के पहले, इन उत्तर कुंजियों में संशोधन किया गया है। मूल्यांकन के लिए अंतिम उत्तर-कुंजियों का प्रयोग किया गया है। अंतिम उत्तर-कुंजियों को आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 27.01.2023 से 10.02.2023 तक अपलोड किया जाएगा।

8. अर्हता प्राप्त/ गैर अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों के अंकों को आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 25.01.2023 को उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा दिनांक 25.01.2023 से 08.02.2023 तक उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी अपनी पंजीकरण संख्या और पंजीकृत पासवर्ड का उपयोग करते हुए अभ्यर्थी डैशबोर्ड पर परिणाम/अंक टैब पर क्लिक कर अपने अंक देख सकते हैं।

उप सचिव (गोपनीय)
09.01.2023

Internal to Wipro